इंडियन बैंक
Indian Bank

# विशेषज्ञ अधिकारी की भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा

## ( 08.03.2020 )

## सूचना पुस्तिका

| क्र. सं. | पद |
|---|---|
| 1 | सहायक प्रबंधक क्रेडिट स्केल - I |
| 2 | प्रबंधक क्रेडिट स्केल - II |
| 3 | प्रबंधक फोरेक्स स्केल - II |
| 4 | प्रबंधक लीगल स्केल - II |
| 5 | प्रबंधक डीलर स्केल - II |
| 6 | प्रबंधक रिस्क मैनेजमेंट स्केल - II |
| 7 | सीनियर प्रबंधक रिस्क मैनेजमेंट स्केल - III |

## I. परिचय

हमें प्रसन्नता है कि आपने हमारें बैंक में विशेषज्ञ अधिकारी के पद की भर्ती के लिए हमारे विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया ।

1. जिस ऑनलाइन परीक्षा में आप बैठ रहे हैं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा संबंधित मामलों के बारे में महत्त्वपूर्ण अनुदेश इस पुस्तिका में दिए गए हैं । **उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी अतः आप उत्तर दर्शाने के अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी ।
2. ऑनलाइन परीक्षा में बैठने से पूर्व आपको पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता के मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं ।
3. कृपया नोट करें कि यह एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा है और इसमें उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं है । साक्षात्कार के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए आपको मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करना होगा । अतः परीक्षा के लिए आप पूरी मेहनत करें ।

## II. ऑनलाइन परीक्षा

ऑनलाइन परीक्षा में निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियां होंगी ।

**1) सहायक प्रबंधक क्रेडिट स्केल - I**

**2) प्रबंधक क्रेडिट स्केल - II**

**3) प्रबंधक फोरेक्स स्केल - II**

**4) प्रबंधक डीलर स्केल - II**

**5) प्रबंधक रिस्क मैनेजमेंट स्केल - II**

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी ज्ञान | 50 | 50 | 2 घंटे समग्र समय |
| 2 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 50 | 25 | |
| 3 | तर्कशक्ति | 50 | 50 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (संबंधित पद के क्षेत्र से) | 50 | 75 | |
| | **कुल** | **200** | **200** | |

### प्रबंधक लीगल स्केल - II

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी ज्ञान | 50 | 50 | 2 घंटे समग्र समय |
| 2 | सामान्य सचेतता (बैंकिंग उद्योग संबंधित विशेष जानकारी) | 50 | 25 | |
| 3 | तर्कशक्ति | 50 | 50 | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (संबंधित पद के क्षेत्र से) | 50 | 75 | |
| | **कुल** | **200** | **200** | |

### सीनियर प्रबंधक रिस्क मैनेजमेंट स्केल - III

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक ज्ञान (संबंधित पद के क्षेत्र से) | 60 | 100 | 1 घंटा |

**अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी ।** प्रश्नावली में पूछे जाने वाले प्रत्येक प्रश्न के पाँच वैकल्पिक उत्तर दिये जाते हैं । ऐसे किसी भी प्रश्न के निधारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक –चौथाई या 0.25 अंक काट लिए जायेंगे । अगर कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात् आप उसका उत्तर नहीं देते हैं, तो उस प्रश्न के लिए अंकों में कोई भी कटौती नहीं की जायेगी । अगर किसी प्रश्नावली में कटौती किये गये अंक अंशों में होंगे तो प्राप्तांकों को निकटतम पूर्णांकों में बदल दिया जायेगा । **अतः उत्तर देते समय आपको अत्यंत सावधान रहना चाहिये ।**

## III. नमूना प्रश्न

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के लिए कुछ नमूना प्रश्न नीचे दिये जा रहे हैं । इस प्रकार के प्रश्न उदाहरण मात्र हैं । यह सूची पूर्ण नहीं हैं । असली परीक्षा में इस प्रकार के कुछ अथवा सभी प्रश्न हो सकते हैं और इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के भी हो सकते हैं ।

### अंग्रेजी ज्ञान

**Directions :** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is 'No error'.

**Q.1.** Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error (5)

**Q.2.** The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error (5)

**Q.3-5.** In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (3) of rights is duty. If we all fulfill our duties, rights will not be (4) to seek. If leaving duties unperformed we run after rights, they will (5) us like an elusive person.

**Q.3.** (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

**Q.4.** (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

**Q.5.** (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

### संख्यात्मक अभियोग्यता

**प्र.1.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए ?

(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) रु. 120 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2–3.निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी। सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.2.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?
(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.3.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?
(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

## सामान्य सचेतता (बैंकिंग उद्योग संबंधित विशेष जानकारी)

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने **अपने ग्राहक को जानों** (know your customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड
(4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में कितने प्रदेश है ?
(1) 27 (2) 29 (3) 31 (4) 34 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** महिला दिवस कब मनाया जाता है ?
(1) 8 मार्च (2) 1 मई (3) 14 फरवरी (4) 5 सितंबर (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

## तर्कशक्ति

**प्र.1.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?
(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) तोखडा (5) बोपरी

**प्र.2.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

## व्यावसायिक ज्ञान (संबंधित पद के क्षेत्र से)

इस प्रश्नपत्र में पूछे गए प्रश्न संबंधित पद की विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे ।

## IV. ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण

1. सभी प्रश्नों को हल करने के लिए आपको 120 मिनट का समय दिया जाएगा । **(सीनियर प्रबंधक रिस्क मैनेजमेंट के लिए 60 मिनट का समय दिया जाएगा ।)** [प्रतिपूरक समय के लिए पात्र निःशक्त उम्मीदवारों हेतु परीक्षा समय के प्रत्येक 60 मिनटों (1 घंटे) के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।]
2. सर्वर पर घड़ी लगाई गई है तथा आपकी स्क्रीन के दाहिने कोने में शीर्ष पर काउंटडाउन टाइमर में आपके लिए परीक्षा समाप्त करने के लिए शेष समय प्रदर्शित होगा । परीक्षा समय समाप्त होने पर, आपको अपनी परीक्षा बंद या जमा करने की जरूरत नहीं है । यह स्वतः बंद या जमा हो जाएगी ।

3. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है ।

 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं ।

 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है ।

 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

 प्रश्न “समीक्षा के लिए चिह्नित” की जांच नहीं की जाएगी, इसलिए अंक आवंटित नहीं किए जाएंगे ।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

4. आप प्रश्न पैलेट को छुपाने के लिए, “>” चिन्ह पर क्लिक कर सकते है, जो प्रश्न पैलेट के बाईं ओर दिखाई देता है, जिससे प्रश्न विंडो सामने आ जाएगा । प्रश्न पैलेट को फिर से देखने के लिए, “<” चिन्ह पर क्लिक कीजिए जो प्रश्न विंडो के दाईं ओर दिखाई देता है ।

5. सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की भाषा को परिवर्तित करने के लिए आप को अपने स्क्रीन के ऊपरी दाहिने सिरे पर स्थित प्रोफाइल इमेज पर क्लिक करना होगा । प्रोफाइल इमेज को क्लिक करने पर आपको प्रश्न के अंतर्वस्तु को इच्छित भाषा में परिवर्तित करने के लिए ड्राप–डाउन मिलेगा ।

6. आपको अपने स्क्रीन के निचले हिस्से को स्क्रॉलिंग के बिना नेविगेट करने के लिए  और ऊपरी हिस्से को नेविगेट करने के लिए  पर क्लिक करना होगा ।

**<u>किसी प्रश्न पर जाना :</u>**

7. उत्तर देने हेतु कोई प्रश्न चुनने के लिए, आप निम्न में से कोई एक कार्य कर सकते हैं :

   a. स्क्रीन के दायीं ओर प्रश्न पैलेट में प्रश्न पर सीधे जाने के लिए प्रश्न संख्या पर क्लिक करें । ध्यान दें कि इस विकल्प का प्रयोग करने से मौजूदा प्रश्न के लिए आपका उत्तर सुरक्षित नहीं होता है ।

   b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Save & Next** पर क्लिक करें ।

   c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सुरक्षित करने के लिए, पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक करें ।

**<u>प्रश्नों का उत्तर देना :</u>**

8. बहुविकल्प प्रकार प्रश्न के लिए

   a. अपना उत्तर चुनने के लिए, विकल्प के बटनों में से किसी एक पर क्लिक करें ।

   b. चयनित उत्तर को अचयनित करने के लिए, चयनित विकल्प पर दुबारा क्लिक करें या **Clear Response** बटन पर क्लिक करें ।

   c. अपना उत्तर बदलने के लिए, अन्य वांछित विकल्प बटन पर क्लिक करें ।

   d. अपना अत्तर सुरक्षित करने के लिए, आपको **Save & Next** पर क्लिक करना जरूरी है ।

   e. किसी प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित करने हेतु **Mark for Review & Next** बटन पर क्लिक करें । यदि किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना हो जो कि पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया गया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

9. किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न का चयन करें, फिर नए उत्तर विकल्प पर क्लिक करने के बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक करें ।

10. उत्तर देने के बाद जो प्रश्न सुरक्षित हैं या पुनर्विचार के लिए चिह्नित हैं, सिर्फ उन पर ही मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।

## V. सामान्य निर्देश

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें (जो कॉल लेटर में प्रिंट किया गया हो) । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे–पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं – यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा–पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं–पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ युक्त वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारीक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/फोटोग्राफ युक्त ई–आधार कार्ड/मूल कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें – राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान–प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रमाण में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमत किया जाएगा । पहचान पत्र परीक्षा वाले दिन वैद्य होना चाहिये ।

(7) बायोमीट्रिक डाटा (दाएं अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर दो बार लिया जाएगा –परीक्षा से पहले और परीक्षा के बाद । बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन अधिकारी का इसकी स्थिति (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) के बारे में निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर सहभागी होने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है ।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमीट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें ।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला दांया अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किस का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

(9) यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के संबंध में यात्रा भत्ता या अन्य खर्चे नहीं दिए जाएँगे।

(10) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक /वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ बैंक उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(11) आपको अपने साथ एक बाल–पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(12) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है । उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(13) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज–पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(14) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे बैंक की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

(15) बैंचमार्क शारीरिक रूप से चुनौतीग्रस्त अभियार्थी, जो कि परीक्षालेखक (स्क्राइब) का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा जिसे बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

(16) निम्न वस्तुएं परीक्षा केंद्र के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :–

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर । कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि । अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर–पिन, हेयर–बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ–घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले । ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके ।

सभी आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़–पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि की अच्छी तरह से जांच की जायेगी । जो उम्मीदवार नकल करते अथवा सहायता करते या सहायता लेते पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

(17) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय अभ्यर्थियों को ऐसी जानकारी नहीं देनी है जो ग़लत हो, जिसके साथ छेड़छाड़ की गई हो, जो बनाया गया हो तथा उन्हें किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाना नहीं है । परीक्षा के समय या बाद की चयन प्रक्रिया में यदि किसी अभ्यर्थी को – (i) अनुचित साधनों का प्रयोग करने या (ii) ग़लत तरीके से किसी अन्य की परीक्षा देने या ग़लत तरीके से अपनी परीक्षा किसी अन्य से दिलवाने या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करने या किसी भी उद्देश्य से किसी भी रूप में या किसी भी मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक साधनों द्वारा परीक्षा(ओं) की विषय–वस्तु या उसमें दी गई किसी आंशिक या पूर्ण जानकारी के वितरण व उसे रखने को सुलभ बनाने या उसे प्रकट करने, प्रकाशित करने, निर्मित करने, वितरित करने रखने, या (iv) उसकी अभ्यर्थिता से जुड़े किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेने, या (v) अनुचित साधनों द्वारा अपनी अभ्यर्थिता हेतु मदद लेने, या (vi) परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन या वैसा ही कोई इलेक्ट्रॉनिक सम्प्रेषण यंत्र रखने, का दोषी पाया जाता है तो ऐसा अभ्यर्थी, खुद को देय आपराधिक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत करने के साथ–साथ निम्नलिखित का भागी होगा :

- उस परीक्षा से अपात्र किए जाने हेतु जिसमें वह एक अभ्यर्थी है
- बैंक द्वारा कराई जानेवाली किसी भी परीक्षा से या तो स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि हेतु निषिद्ध किए जाने